टेस्ला को लुधियाना में उद्योग लगाने का न्योता

अवसर

नई दिल्ली | एजेंसी

अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को भारत में फैक्ट्री लगाने के लिए कई राज्यों ने न्योता दिया है। अब पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने भी टेस्ला को पंजाब में फैक्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित किया है। सिद्धू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर लिखा, मैं एलन मस्क को आमंत्रित करता हूं। पंजाब मॉडल लुधियाना को इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी उद्योग का हब बनाएगा। एकल खिड़की मंजूरी से पंजाब में नई तकनीक आएगी। ग्रीन नौकरियों और पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

एलन मस्क ने कही थी समय लगने की बात: टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने हाल ही में ट्विटर पर कहा था कि भारत में कार लाने को लेकर सरकार से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए टेस्ला कारों को भारत लाने में देरी हो सकती है। एलन मस्क लंबे समय से आयात शुल्क में कटौती की मांग कर रहे हैं। अभी विदेशी कारों पर भारी आयात शुल्क लगता है।

तेलंगाना-महाराष्ट्र भी कर चुके हैं आमंत्रित

एलन मस्क के ट्वीट के बाद तेलंगाना और महाराष्ट्र भी टेस्ला को फैक्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित कर चुके हैं। सबसे पहले तेलंगाना के उद्योग और वाणिज्य मंत्री केटी रामाराव ने टेस्ला को फैक्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित किया था। राव ने कहा था कि हमें तेलंगाना में टेस्ला के साथ साझेदारी करने पर खुशी होगी। इसके बाद महाराष्ट्र के मंत्री जयंत पाटिल ने फैक्ट्री लगाने का न्योता दिया था। पाटिल ने कहा था कि महाराष्ट्र भारत के सबसे प्रगतिशील राज्यों में से एक है। हम हर संभव मदद प्रदान करेंगे।